जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

21 फरवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने जामिया स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई, नई अंतिम तिथि 25 फरवरी, 2025 है

नई दिल्ली: जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जामिया गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल (स्व-वित्तपोषित), सैयद आबिद हुसैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल (स्व-वित्तपोषित) और मुशीर फातमा नर्सरी स्कूल में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। यह विस्तार नर्सरी, प्रेप, I, VI और IX कक्षाओं पर लागू होता है, जिसकी नई अंतिम तिथि 25 फरवरी, 2025 निर्धारित की गई है।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्कूल में दाखिले की बड़ी विशेषता यह है कि पहली बार कक्षा VI और IX के लिए प्रवेश परीक्षाएं दिल्ली सहित कोलकाता, श्रीनगर, लखनऊ, पटना में भी आयोजित की जाएंगी।

इन स्कूलों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जामिया मिल्लिया इस्लामिया की वेबसाइट (https://admission.jmi.ac.in) के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं। लॉटरी और प्रवेश परीक्षा की तिथियों के बारे में अधिक जानकारी और विवरण के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jmi.ac.in और www.jmicoe.in को देखें ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया